प्रादेशिक समाचार

06.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।

2. ईडी ने मनी लाउंड्रिंग मामले से जुड़े अफसरों और नेताओं के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में दायर की याचिका ।

3. केंद्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को दी मंजूरी।

4. राजधानी रांची सहित राज्यभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है लोक आस्था का महापर्व छठ, खरना अनुष्ठान के बाद व्रतियों ने ग्रहण किया प्रसाद।

****************

पहले चरण में 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन नेताओं ने अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज कर दिये हैं। इसके साथ ही दोनों गठबंधनों के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

****************

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि इंडी गठबंधन की सरकार से जनता त्रस्त है। हजारीबाग में एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने झारखंड में चुनाव के बाद एनडीए की सरकार बनाने का दावा किया।

****************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला जिले के कांड्रा में प्रत्याशी गणेश महाली के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्रीसोरेन ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

****************

गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने आज रांची के सोनाहातू में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 25 लाख परिवारों को अबुआ आवास दिया है।

****************

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मृति ईरानी ने इंडी ब्लॉक के नेताओं पर महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का आरोप लगाया है। श्रीमती ईरानी ने कहा कि अपनी असफलता से घबराकर इंडी गठबंधन के नेता झारखंड में सीता सोरेन और महाराष्ट्र में शाइना एनसी के खिलाफ अपमानजनक बयान दे रहे हैं।

****************

भाजपा ने इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज रांची में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और माले की ओर से संयुक्त रूप से जारी एक वोट, सात गारंटी पर जनता को भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

श्रीशाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के 2019 के मेनिफेस्टो निश्चय पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कुल 114 वायदे जनता से किए थे, लेकिन 5 वर्षों में इस सरकार ने एक वादे को भी पूरा नहीं किया है।

****************

चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और संस्थानों के चुनाव संबंधी कार्यों में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी है। आयोग ने इस संबंध में सभी जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पहले चरण के मतदान के लिए मतदाता पर्चियां इस महीने की आठ तारीख तक वितरित की जाएंगी।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से तलाशी अभियान में एक अरब 51 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की गयी है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर 10 नवंबर को चुनावी दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे बोकारो जिले के चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के चंडीपुर फुटबॉल मैदान में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। चंदनक्यारी से भाजपा प्रत्याशी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बताया कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री का चंदनक्यारी दौरा हो रहा है।

उधर नौ नवंबर को जमशेदपुर में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रोड शो कर एनडीए प्रत्याशियों के लिए लोगों से वोट देने की अपील करेंगे।

****************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने झारखंड उच्च न्यायालय में मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़े कुछ प्रमुख अफसरों और नेताओं के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करते हुए याचिका दायर की है। इस याचिका में ईडी ने दावा किया है कि मनी लाउंड्रिंग मामले में जांच के दौरान मिले तथ्यों और सबूतों को पीएमएलए के तहत राज्य सरकार के साथ साझा किया गया था, लेकिन राज्य सरकार ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।

****************

केंद्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र अब बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे।

****************

लोक आस्था का महापर्व छठ राज्यभर में भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। आज शाम खरना का अनुष्ठान संपन्न होने के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

छठ महापर्व को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सभी घाटों को नौ जोन में बांटा है। सुरक्षा को लेकर 25 मजिस्ट्रेट, एक सौ पुलिस पदाधिकारी सहित पांच सौ से अधिक जवानों को छठ घाटों पर प्रतिनियुक्ति किया गया है। रांची के छठ घाटों पर वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है और ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

*******समाप्त*******